सा.का.नि. 133.—केन्द्रीय सरकार, भारतीय तार अधिनियम, 1885 (1885 का 13) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारतीय बेतार टेलीग्राफी (वाणिज्यिक रेडियो आपरेटर प्रवीणता प्रमाण पत्र और विश्व समुद्री-विपत्ति तथा सुरक्षा प्रणाली प्रचालन अनुज्ञप्ति) नियम, 1994 की उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है, या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् .

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय बेतार टेलीग्राफी (वाणिज्यिक रेडियो आपरेटर प्रवीणता प्रमाणपत्र और विश्व समुद्री-विपत्ति तथा सुरक्षा प्रणाली संचालन अनुज्ञप्ति) नियम, 1998 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 परिभाषाएं :—इन नियमो में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अभिसमय" से समय-समय पर यथा संशोधित अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार संघ का अभिसमय अभिप्रेत है।

3. प्रमाणपत्रों और अनुज्ञप्तियों के प्रवर्ग :—केन्द्रीय सरकार, किसी ऐसी परीक्षा के, जो उसके द्वारा या उसके द्वारा इस निमित्त सशक्त किए गए किसी अधिकारी द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाए, परिणाम के आधार पर (अभिसमय

के निबंधनों के अनुसार) विश्व समुद्री-विपत्ति तथा सुरक्षा प्रणाली का प्रचालन करने के लिए निम्नलिखित प्रवर्गों के प्रवीणता प्रमाणपत्र या अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगी, अर्थात् :—

(i) प्रथम वर्ग रेडियो इलेक्ट्रानिक प्रवीणता प्रमाण पत्र और अनुज्ञप्ति,

(ii) द्वितीय वर्ग रेडियो इलेक्ट्रानिक प्रवीणता प्रमाण-पत्र और अनुज्ञप्ति,

(iii) साधारण आपरेटर प्रवीणता प्रमाणपत्र और अनुज्ञप्ति।

(iv) निर्बन्धित आपरेटर प्रवीणता प्रमाण पत्र और अनुज्ञप्ति ।

4. अनुज्ञप्ति के लिए परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्रता — कोई व्यक्ति इन नियमों के अधीन आयोजित किसी परीक्षा में नियम 3 में विनिर्दिष्ट प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने के लिए प्रवेश के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि ऐसा व्यक्ति —

(i) भारत का नागरिक न हो,

(ii) परीक्षा की तारीख को अठारह वर्ष की आयु से अधिक न हो,

(iii) (क) वैकल्पिक विषयों के रूप में गणित और भौतिक विज्ञान सहित किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अखिल भारतीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण न की हो,

(ख) वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) के उपबंधों के अधीन पोत परिवहन महानिदेशालय द्वारा जारी या मान्यता प्राप्त बोर्ड विधि मान्य सक्षमता प्रमाण पत्र या उसके समतुल्य न रखता हो;

या

(ग) भारतीय बेतार टेलीग्राफी (वाणिज्यिक रेडियो आपरेटर प्रवीणता प्रमाण पत्र और बेतार तारयांत्रिकी प्रचालन अनुज्ञप्ति) नियम, 1954 के उपबंधों के अधीन संचार मंत्रालय (बेतार योजना और समन्वय खंड) द्वारा जारी कोई बोर्ड विधिमान्य प्रवीणता प्रमाण पत्र या उसके समतुल्य न रखता हो,

(iv) नियम 3 के उपनियम (iii) और उपनियम (iv) के अधीन प्रमाणपत्रों के उन प्रवर्गों के सिवाय जहां व्यावहारिक प्रशिक्षण दो सप्ताह से अनधिक की अवधि के लिए हो सकेगा, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किन्हीं संस्थानों में विश्व समुद्री विपत्ति और सुरक्षा प्रणाली उपस्करों में 6 मास से अन्यून की अवधि के लिए कोई व्यावहारिक प्रशिक्षण न लिया हो।

5. आवेदन — नियम 3 में विनिर्दिष्ट किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन, उस सरकार द्वारा समय-समय पर विहित प्ररूप में, सभी सम्बन्धित प्ररूपों और दस्तावेजों को सम्यक् रूप से भर कर तथा सभी प्रकार से पूरा करके, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित किसी संस्थान के माध्यम से, जिसमें अभ्यर्थी ने केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया है केन्द्रीय सरकार को या उसके द्वारा इस निमित्त सशक्त किए गए अधिकारी को दिया जाएगा ।

6. परीक्षा के लिए फीस — नियम 3 में विनिर्दिष्ट प्रमाणपत्र प्रदान किए जाने के लिए किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी निम्नलिखित मापमान में फीसों का संदाय करेगा :—

(i) प्रथम वर्ग रेडियो इलेक्ट्रानिक प्रवीणता प्रमाण-पत्र और अनुज्ञप्ति या द्वितीय वर्ग रेडियो इलेक्ट्रानिक प्रवीणता प्रमाणपत्र और अनुज्ञप्ति के लिए —

(क) भाग—1 के लिए 1000 रुपए

(ख) भाग—2 और /या 3 के लिए 1000 रुपए

(ii) साधारण आपरेटर के प्रवीणता प्रमाणपत्र और अनुज्ञप्ति के लिए या निर्बन्धित आपरेटर के प्रवीणता प्रमाण पत्र और अनुज्ञप्ति के लिए, भाग-1 और भाग-2 के लिए 500 रुपए (ऊपर विनिर्दिष्ट किसी परीक्षा के लिए फीस केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर पुनरीक्षण के अधीन रहते हुए है ।)

7. परीक्षा—(1) नियम 3 में विनिर्दिष्ट विश्व समुद्री-विपत्ति और सुरक्षा प्रणाली प्रमाणपत्र के प्रदान के लिए परीक्षा अभिसमय के निबंधनों के अनुसार और केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर अवधारित रीति से आयोजित की जाएगी, जो वह स्थान जहां और वह तारीख जिसको ऐसी परीक्षा होगी, अधिसूचित करेगी ।

(2) कोई ऐसा व्यक्ति, जिसे परीक्षा में प्रवेश दिया गया है और प्रतिरूपण का या ऐसे गढ़े हुए दस्तावेजों को, जिन्हें बिगाड़ा गया है, प्रस्तुत करने का या ऐसे कथन, जो गलत या मिथ्या हैं ये जिनमें तात्विक जानकारी छिपाई गई करने का या परीक्षा में प्रवेश प्राप्त करने के लिए किसी अन्य अनियमित या अनुचित साधन का अन्यथा आश्रय लेने का दोषी पाया गया है, आपराधिक अभियोजन के दायित्वाधीन होने के अतिरिक्त, नियम 3 के अधीन विनिर्दिष्ट रेडियो टेली-फोनी के विश्व समुद्री-विपत्ति और सुरक्षा प्रणाली प्रमाण पत्र के प्रदान करने के लिए आयोजित परीक्षाओं में से किसी में बैठने से स्थायी रूप से या किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विवर्जित किया जा सकेगा :

परन्तु इस नियम के अधीन आदेश तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि व्यक्ति को, की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध अभ्यावेदन करने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

8. अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता – (1) नियम 3 में विनिर्दिष्ट प्रत्येक अनुज्ञप्ति, ऐसी अनुज्ञप्ति के लिए प्रमाणपत्र जारी किए जाने की तारीख से दस वर्ष की अवधि के लिए विधि मान्य होगी।

(2) उपनियम (1) के अधीन अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की आरंभिक अवधि के अवसान पर, इसका एक समय में पांच वर्ष की और अवधि के लिए नवीकरण किया जा सकेगा, यदि वह व्यक्ति जिसे ऐसी अनुज्ञप्ति जारी की गई है, –

(i) वह 500 रुपए की फीस का संदाय करता है,

(ii) उसके पास अनुज्ञप्ति की समाप्ति की तारीख से ठीक पहले पांच वर्ष के भीतर कम से कम 6 मास का कुल अनुभव है, और

या

(iii) पुन: परीक्षा द्वारा या अन्यथा केन्द्रीय सरकार का यह समाधान कर देता है कि उसके पास अभी भी प्रमाणपत्र के जारी किए जाने के लिए सभी अपेक्षित पात्रताएं हैं।

(3) यदि, केन्द्रीय सरकार की राय में, अनुज्ञप्ति के धारक ने अनुज्ञप्ति के पुन: विधिमान्यकरण के प्रयोजन के लिए जानबूझकर या उपेक्षापूर्वक गलत या मिथ्या जानकारी दी है, तो केन्द्रीय सरकार अनुज्ञप्ति को पृष्ठांकित, निलंबित या रद्द कर सकेगी :

परन्तु इस नियम के अधीन अनुज्ञप्ति को निलंबित या रद्द करने का कोई आदेश तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि संबद्ध व्यक्ति को, की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध अभ्यावेदन करने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

स्पष्टीकरण : इस नियम के प्रयोजन के लिए, 'अनुभव' पद से विश्व समुद्री-विपत्ति और सुरक्षा प्रणाली का प्रयोग कर रहे समुद्रीय चल स्टेशन या वैमानिक चल सेवा में प्राप्त अनुभव अभिप्रेत है।

9. अनुज्ञप्ति के प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति जारी करना या प्रतिस्थापन

(1) ऐसा धारक, जिसका इन नियमों के अधीन जारी किया गया अनुज्ञप्ति प्रमाणपत्र खो गया है, विकृत या नष्ट हो गया है, केन्द्रीय सरकार को ऐसी हानि के बारे में तुरन्त अधिसूचित करेगा। अनुज्ञप्ति के प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति के लिए समुचित रूप से निष्पादित आवेदन केन्द्रीय सरकार को किया जाएगा जिसमें उस अनुज्ञप्ति प्रमाणपत्र की, जिसके लिए दूसरी प्रति अपेक्षित है, हानि, विकृति या नाश मे अन्तर्वलित परिस्थितियों का एक विवरण सन्निविष्ट होगा। यदि अनुज्ञप्ति-प्रमाणपत्र खो गया है, तो आवेदक का यह कथन अवश्य करना चाहिए कि उसके लिए उचित तलाश की गई है और इसके अतिरिक्त, यह कि उसके मिल जाने की दशा में, मूल प्रति या दूसरी प्रति रद्द किए जाने के लिए लौटा दी जाएगी।

(2) केन्द्रीय सरकार पांच सौ रुपए का संदाय किए जाने पर, किसी अनुज्ञप्ति-प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति जारी कर सकेगी।

10. आपरेटरों का अनुशासन-(1) यदि, केन्द्रीय सरकार की राय में, इन नियमों के अधीन जारी अनुज्ञप्ति, प्रमाणपत्र का धारक, इसे विधिपूर्वक लागू अभिसमय के या इन नियमों के या किन्हीं विनियमों के उपबंधों या निर्बंधनों के अनुपालन की बाबत अनुपालन करने में जान बूझकर या उपेक्षापूर्वक असफल हो गया है, तो केन्द्रीय सरकार प्रमाणपत्र को पृष्ठांकित, निलंबित या रद्द कर सकेगी।

(2) केन्द्रीय सरकार, इन नियमों के अधीन किसी भी समय प्रवीणता प्रमाणपत्र के धारक से उसे प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकेगी और धारक ऐसी अध्यपेक्षा का अनुपालन करेगा।

(3) केन्द्रीय सरकार, इन नियमों के अधीन किसी भी समय प्रवीणता प्रमाणपत्र या अनुज्ञप्ति के धारक से उसके ज्ञान और योग्यता की जांच करने के लिए पुन: परीक्षा की जाने की अपेक्षा कर सकेगी और ऐसी परीक्षा के परिणामस्वरूप प्रवीणता अनुज्ञप्ति को पृष्ठांकित निलंबित या रद्द कर सकेगी। ऐसी परीक्षा के लिए कोई फीस प्रभार्य नहीं होगी।

(4) इन नियमों के अधीन प्रमाणपत्र का प्रत्येक धारक पत्राचार की गोपनीयता बनाए रखेगा। ऐसा धारक द्वारा ऐसे प्रमाणपत्र के लिए परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन में, इस आशय की घोषणा की जाएगी;

परन्तु केन्द्रीय सरकार, इन नियमों के अधीन विश्व समुद्री-विपत्ति तथा सुरक्षा प्रणाली प्रमाणपत्र के जारी किए जाने को शासित करने वाली शर्तों में से किसी को, धारक को लिखित रूप में विनिर्दिष्ट सूचना भेजकर या राजपत्र में या नई दिल्ली में समाचारपत्र में प्रकाशित साधारण सूचना द्वारा उपांतरित, परिवर्तित, रद्द या प्रतिसंहृत कर सकेगी।

11. विदेशियों का प्रवेश और प्रवीणता और प्रचालन के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान किया जाना :—इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी, केन्द्रीय सरकार, ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो वह समय समय पर अधिरोपित करे —

(i) किसी व्यक्ति को, जो भारत का नागरिक नहीं है, इन नियमों के अधीन आयोजित परीक्षा में प्रवेश दे सकेगी।

(ii) उसे बेतार टेलीग्राफी में कोई प्रवीणता प्रमाणपत्र या बेतार टेलीग्राफी का प्रचालन करने के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगी,: या

(iii) उपर्युक्त हैसियतों से भिन्न कोई प्रवीणता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सकेगी।

12. अन्य देशों द्वारा जारी किए गए प्रमाणपत्र की मान्यता केन्द्रीय सरकार, किन्हीं ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो वह, समय-समय पर विहित करे, किसी अन्य देश में, किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट प्रमाणपत्र को उसके द्वारा जारी किए गए वैसे ही वर्ग के प्रवीणता प्रमाणपत्र के समतुल्य के रूप में मान्यता प्रदान कर सकेगी।

13. अनन्तिम प्रमाणपत्र—केन्द्रीय सरकार, उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी को, परिणाम के घोषित होने पर, तुरन्त इन नियमों के अधीन, नियमित प्रमाणपत्र जारी करने से पूर्व कोई अनन्तिम प्रमाणपत्र जारी कर सकेगी।

14. भाषा—इन नियमों के अधीन संचालित परीक्षा की भाषा अंग्रेजी होगी।

[फा.सं.-11014/13/97-एल आर]

डी. के. नरसा कृष्णनन, सहायक बेतार सलाहकार

MINISTRY OF COMMUNICATIONS

(Department of Telecommunications)

New Delhi, the 6th July, 1998

G.S.R. 133.—In exercise of the powers conferred by Section 7 of the Indian Telegraph Act, 1885 (13 of 1885) and in supersession of the Indian Wireless Telegraphy (Commercial Radio operator's certificate of proficiency and licence to operate Global Maritime Distress and Safety System) Rules, 1994, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government hereby makes the following Rules, namely :—

1. Short title and commencement—(1) These rules may be called the Indian Wireless Telegraphy (Commercial Radio Opeerator's Certificate of Proficiency and Licence to operate Global Maritime Distress and Safety System) Rules, 1997.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions—Unless the context otherwise requires, in these rules—

(a) "Convention" means the convention of the International Telecommunication Union as amended from time to time.

3. Categories of certificates and licences—On the result of an examination which may, from time to time be held by it or by an Officer empowered by it in this behalf, the Central Government may grant (in accordance with the terms of the Convention) the following categories of the certificates of proficiency or licence to operate Global Maritime Distress and Safety System, namely :—

(i) First Class Radio Electronic Certificate of Proficiency and Licence ;

(ii) Second Class Radio Electronic Certificate of proficiency and Licence ;

(iii) General Operator's Certificate of Proficiency and Licence ;

(iv) Restricted Operator's Certificate of Proficiency and Licence.

4. Eligibility for admission to the Examination for licence—No person shall be eligible for admission to an examination held under these rules for grant of a certificate specified under rule 3 unless such a person—

(i) is a Citizen of India ;

(ii) is above the age of eighteen years on the date of examination ;

(iii) (a) has passed All India Senior Secondary School Certificate examination or an equivalent examination conducted by a recognised Board or University with Mathematics and Physic as optional subjects :

OR

(b) holds a valid certificate of competency or its equivalent issued or recognised by the Directorate General of Shipping under the provisions of the Merchant Shipping Act, 1958 (44 of 1958) ;

OR

(c) holds a valid certificate of proficiency or in equivalent issued by the Ministry of Communications (Wireless Planning and Coordination Wing) under the provisions of the Indian Wireless Telegraphy (Commercial Radio Operator's Certificate of Proficiency and licence to operate Wireless Telegraphy) Rules, 1954 ;

(iv) has undergone a practical training on Global Maritime Distress and Safety System equipments for a period not less than six months in any of the institutes approved by the Central Government except in case of category of certificate under sub-rule (iii) and sub-rule (iv) of rule 3 where the practical training may be for a period not less than two weeks.

5. Application—An application for admission to an examination specified in rule 3, shall be made to the Central Government or to an Officer empowered by it in this behalf, in the form prescribed by that Government from time to time, together with all the subsidiary forms and documents duly filled in and completed in all respects through an Institute approved by the Central Government in which the candidate had undergone practical training prescribed by the Central Government.

6. Fee for the examination—A candidate for admission to an examination for the grant of certificate specified in rule 3 shall pay fees in the following scale namely :—

(i) for First Class Radio Electronic Certificate of Proficiency and Licence or Second Class Radio Electronic Certificate of Proficiency and Licence—

(a) for Part—I Rupees 1,000

(b) for Part—II and/or Part-III Rupees 1,000

(ii) for General Operator's Certificate of Proficiency and Licence or Restricted Operator's Certificate of Proficiency and Licence, for Part-I and Part II Rupees 500

(Fee for an examination specified above is subject to revision by Central Government from time to time).

7. Examination—(1) The examination for the award of Global Maritime Distress and Safety System certificates specified under rule 3 shall be held in accordance with the terms of the Convention and in the manner determine from time to time, by the Central Government who shall notify the place at which and the date on which such examination shall be held.

(2) Any person admitted to the examination and found guilty of impersonation or submitting fabricated documents which have been tampered with or making statements which are incorrect or false or suppressing material information or otherwise resoting to any other irregular or improper means

for obtaining admissions to the examination may, in addition to rendering him liable to criminal prosecution, be debarred either permanently or for a specified period from appearing in any of the examination held for the award of Global Maritime Distress and Safety System certificates specified under rule 3 :

Provided that order under this rule shall not be made unless the person has been given a reasonable opporunity of making a representation against the action proposed to be taken.

8. Validity of Licence—(1) Every licence specified under rule 3 shall be valid for a period of ten years from the date of issue of the certificate for such licence.

(2) On the expiry of the initial period of the validity of licence under sub-rule (1) it may be renewed for a further period of five years at a time, if the person to whom such licence is issued,—

(i) pays a fee for Rupees 500

(ii) has a total experience of not less than six months within five years immediately preceding the date of expiry of such licence ; and

OR

(iii) satisfies the Central Government by re-examination or otherwise that he still possesses all of the eligibilities required for issue of the certificate.

(3) If the holder of a licence, in the opinion of the Central Government has willfully or negligently provided incorrect or false information for the purpose of re-validation of the licence the Central Government mv endorse, suspended or cancel the licence :

Provided that no order to suspend or cancel the licence under this rule shall be made unless the persons concerned has been given a reasonable opportunity of making a representation against the action protime Distress and Safety System.

Explanation—For the purposes of this rult. tho expression "experience" means the experience gained at a mobile station in the Maritime Mobile Service using Global Maritime Distress and Safety System.

9. Issue of duplicate or replacement of certificate of licence—(1) A holder whose certificate of licence issued under these rules has been lost, mutilated or destroyed shall immediately notify the loss to the Central Government. A properly executed application for duplicate certificate of licence shall be made to the Central Government embodying a statement of the circumstances involved in the loss, mutilation or destruction of the certificate of licence for which a duplicate is required. If the certificate of licence has been lost, the applicant must state that reasonable search has been made for it and further, that in the event it be found, either the original or the duplicate shall be returned for cancellation.

(2) The Central Government may issue duplicate copy of any certificate of licence on the payment of Rupees 500.

10 Discipline of Operators—(1) If in the opinion of the Central Government the holder of a certificate of licence under these rules has willfully or negligently failed to comply with the provisions of the Convention, or of these rules or of any regulations lawfully applicable to him in respect of operation of Radio Apparatus, the Central Government may endorse, suspend or cancel the certificate.

(2) The Central Government may under these rules at any time require the holder of a Certificate of Proficiency to produce the same and the holder shall comply with such requisition.

(3) The Central Government may at any time require the holder of a certificate of proficiency or licence under these rules to be re-txamined in order to test his knowledge and ability and may as a result of such examination, endorse, suspend or cancel the proficiency or the licence. No fee shall be chargeable for such examination.

(4) Every holder of the certificate under these rules shall observe secrecy of the correspondence. A declaration to this effec shall be made by such holder in the application for admission to the examination for such certificate.

Provided that tho Central Government may modify, vary, cancel or revoke any of the condition governing the issue of any Global Maritime Distress and Safety System certificate under these rules either by sending notice in writing to the holder or by a general notice published in the Official Gazette or Newspaper in New Delhi.

11. Admission and award of proficiency and 'licence to operate' to foreigners—Notwithstanding anything contained in these rules, the Central Government may, subject to such conditions as it may impose from time to time,—

(i) admit a person, who is not a citizen of India to an examination held under these rules, and

(ii) award him a certificate of proficiency in wireless telegraphy or certificate of licence to operate wireless telegraphy, or

(iii) award him only a certificate of proficiency in wireless telegraphy.

12. Recognition of certificates issued by other countries—The Central Government may recognise, subject to any conditions as it may prescribe from time to time, certificate specified under rule 3 issued by a competent authority in any other country as a certificate of proficiency or licence of the same class issued by it.

13. Provisional certificate—The Central Government may issue a provisional certificate to the successful candidates immediately on declaration of results before issue of regular certificate under these rules.

14. Language—The Language of the examinations conducted under these rules shall be English.

[R-11014/13/97-L.R.]

T. K. VARADA KRISHNAN, Asst. Wireless Adviser

कृषि मंत्रालय

(कृषि एवं सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, 6 जुलाई, 1998

सा.का.नि. 134.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, समेकित मात्स्यिकी परियोजना (उपनिदेशक) भर्ती नियम, 1977 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं; अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम समेकित मात्स्यकी परियोजना (उपनिदेशक) भर्ती (संशोधन) नियम, 1997 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. समेकित मात्स्यकी परियोजना (उपनिदेशक) भर्ती नियम, 1977 की अनुसूची में, उप निदेशक (प्रयोगात्मक मात्स्यकी) के पद से संबंधित क्रम संख्याएं 2 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा अनुज्ञेय है या नहीं
1	2	3	4	5	6	7
2. उपनिदेशक (प्रयोगात्मक मात्स्यकी)	01* 1996 *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "क" राजपत्रित अननुसचिवीय	3000-100-3500-125-4500 रु.	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा
11	12
प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है।	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) :— केन्द्रीय/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों/कृषि विश्वविद्यालयों/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं के अधीन ऐसे अधिकारी :— (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या

12	
	(2) जिन्होंने 2200-4000 रु. के या समतुल्य वेतन-मान वाले पदों पर 5 वर्ष नियमित सेवा की है; या (3) जिन्होंने 2000-3500 रु या समतुल्य वेतन-मान वाले पदों पर 8 वर्ष नियमित सेवा की है; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है :— (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जीव विज्ञान या समुद्र जीव विज्ञान या समुद्र विज्ञान या मत्स्य विज्ञान में मास्टर डिग्री या समतुल्य, या केन्द्रीय मीन उद्योग शिक्षा संस्थान, मुबई से मत्स्य-विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या समतुल्य । (ii) समुद्री मीन उद्योग मे 5 वर्ष का अनुभव जिसमें से मछली के प्रयोगात्मक और समन्वेषी को सचालन करने के लिए मत्स्य जलयान प्रचालन के पर्यवेक्षण कार्य में 2 वर्ष का व्यावहारिक अनुभव हो। II. ऐसे प्रतिनियुक्त व्यक्तियों के साथ विभागीय सहायक निदेशक के संबंध में भी विचार किया जाएगा जिन्होंने उस श्रेणी में 5 वर्ष नियमित सेवा की है या ऐसे सहायक निदेशक जिन्होंने सहायक निदेशक और मत्स्य उद्योग निदेशक सेवा प्रोद्योगिकी विद् की श्रेणी में कुल मिलाकर 8 वर्ष नियमित सेवा की है जिसमें से कम से कम 3 वर्ष की नियमित सेवा सहायक निदेशक की श्रेणी में ही और यदि पद पर नियुक्ति के लिए उसका चयन कर लिया जाता है तो वह पद प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा। (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है, साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नही होगी। प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।
यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने मे किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
13	14
लागू नहीं होता	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

[फा. सं. 5-35/94-मत्स्य (प्रशा.)]
के. पी. मल्होत्रा, अवर सचिव

टिप्पण :—मूल नियम सा. का. नि. सं. 1306 तारीख 1-10-1977 द्वारा प्रकाशित।

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Agriculture & Cooperation)

New Delhi, the 6th July, 1998

G.S.R. 134.—In exercise of the powers conferred by the provisio to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Integrated Fisheries Project, (Deputy Director) recruitment rules, 1977.

1. Short title and Commencement (1) These rules may be called the Integrated Fisheries Project (Deputy Director) amendment Rules, 1997, (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Integrated Fisheries Project (Deputy Director) Recruitment Rules 1977, for serial number 2 relating to Deputy Director (Experimental Fishing) and entries thereto, the following shall be inserted, namely :—

SCHEDULE

Name of Post	No. of Post	Classification	Scale of Pay	Whether Selection or Non-Selection Post
1	2	3	4	5
"2. Deputy Director (Experimental Fishing)	01* *1996 *Subject to variation Dependent on Workload	GCS Group A Gazetted Non-Ministerial	3000-100-3500-125-4500	N.A.

Age Limit for Direct Recruits	Whether benefit of added Yrs of service admissible	Educational & Other Qualification Reqd. for Direct Recruits	Whether Age & EQ Prescribed for Direct Recruits will apply in the case of Promotees	Period of Prob. If any
6	7	8	9	10
N.A.	N.A.	N.A.	N.A.	Nil

Method of Rectt. Whether by Direct Rectt. by Promotion or by Deputation/Transfer & % of the Vacancy to be Filled by various methods	In case of Rectt. by Promotion/Deputation / Transfer, Grades from which Promotion/Deputation/Transfer to be made
11	12
Promotion/Transfer on Deputation including Short-term Contract.	Promotion Transfer on Deputation (Including Short term Contract). Officers under Central/State Governments UTs/Agricultural Universities/Recognised Research Institutions :—

	12
	(a) (i) Holding Analogous Posts on regular basis; or (ii) With 8 years regular service in posts in the scale of Rs. 2200—4000 or Equivalent; or (iii) With 8 years regular service in posts in the Scale of Rs. 2000—3500 or Equivalent; and (b) Possessing Educational Qualifications and Experience as under :— (i) Masters Degree in Zoology or Marine Biology or Oceanography or Fisheries Science of a Recognised University or Equivalent; OR Post-Graduate Diploma in Fisheries Science from the Central Institute of Fisheries Education, Bombay or Equivalent. (ii) 5 years experience in Marine Fisheries of which 2 years must be Practical Experience in supervising Fishing Vessel Operations for conducting experimental and exploratory Fishing. II. The Departmental Assistant Director with 5 years regular service in the grade or Assistant Director with 8 years combined regular service in the grade of Assistant Director and Fishery Officer/Service Technologist of which at least 3 years regular service should be in the grade of Assistant Director shall also be considered alongwith Deputationists and in case he is selected for appointment to the post the same shall be deemed to have been filled by Promotion. (Period of deputation including period of deputation in another Ex-cadre post held immediately preceeding this appointment in the same or some other Organisation / Department of the Central Government shall ordinarily not exceed 3 years. The maximum age limit for appointment by transfer on Deputation (including Short-term Contract) shall be not exceeding 56 years as on the closing date of the receipt of applications).

If a DPC exists what is its composition	Circumstances in which U.P.S.C. to be consulted in making Rectt.
13	14
N.A.	Consultation with UPSC necessary.

[F. No. 5-35/94-Fy (Adm.)]

K. P. MALHOTRA, Under Secy.

Note : The Principal rules were published in the Gazette of India vide number GSR 1306 dated the 7.10.1977.

ग्रामीण क्षेत्र एवं रोजगार मंत्रालय

(विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय)

फरीदाबाद, 3 जुलाई, 1998

सा.का.नि. 135.—मैं, एम.के. मण्डल, कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, कृषि उत्पाद (श्रेणीकरण एवं चिन्हांकन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) के अन्तर्गत विरचित सामान्य श्रेणीकरण एवं चिन्हांकन नियम, 1988 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय के उपकार्यालय, लखनऊ, अथवा प्रभारी के रूप में विधिवत् नियुक्त किसी भी दूसरे अधिकारी को निम्न शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हूं :—

(i) नियम 3—अधिनियम के तहत बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचीबद्ध किसी वस्तु का श्रेणीकरण एवं चिन्हांकन करने के लिये प्राधिकार प्रमाण-पत्र प्रदान करना;

(ii) नियम 4—निर्यात श्रेणीकरण और केन्द्रित श्रेणीकरण के संदर्भ में प्राधिकार प्रमाण-पत्र का नवीकरण करना ;

(iii) नियम 5—प्राधिकार प्रमाण-पत्र में प्राधिकृत पैकर के नाम, शैली अथवा पते में हुए परिवर्तनों का और प्राधिकृत परिसरों के परिवर्तन का रिकार्ड करना ;

(iv) नियम 7—यदि वे निम्न बातों से सन्तुष्ट हों तो प्राधिकार प्रमाणपत्र को निलंबित करना अथवा रद्द करना ;

(क) कि प्राधिकृत पैकर द्वारा श्रेणी अभिदात चिन्ह सही तरीके से प्रयोग नहीं किये गये हैं, अथवा

(ख) प्राधिकृत पैकर द्वारा अधिनियम के किसी प्रावधान का उल्लंघन किया गया है, अथवा

(ग) प्राधिकृत पैकर द्वारा किसी नियम का उल्लंघन किया गया है अथवा वह अधिनियम के प्रावधानों के तहत जारी किये गये अनुदेशों का पालन करने में असफल रहा है जो कि नियम 7 के उपनियम (2) और (3) के तहत यथा निर्धारित शर्तों पर निर्भर करता है।

(v) नियम 8—अधिनियम के प्रावधानों के तहत अनुसूचीबद्ध किसी वस्तु के श्रेणीकरण तथा चिन्हांकन हेतु पैकर द्वारा स्थापित प्रयोगशाला को अनुमोदित करना ;

(vi) नियम 9—श्रेणीकरण प्रयोगशाला में तैनात किये के लिये पैकर द्वारा नियुक्त रसायनज्ञ को अनुमोदित करना ;

(vii) नियम 9(5)—यदि रसायनज्ञ अनुदेशों का पालन करने में असफल रहता है अथवा किसी नियम का उल्लंघन करता है तो रसायनज्ञ को कृषि उत्पाद (श्रेणीकरण एवं चिन्हांकन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) के प्रावधानों के तहत किसी वस्तु के श्रेणीकरण एवं चिन्हांकन के लिये प्रदत्त अनुमोदन को वापस लेना जबकि अनुमोदित रसायनज्ञ को इस आशय का कारण बताने का अवसर दिया जायेगा कि अनुमोदन क्यों न लिया जाये ;

(viii) नियम 10(3)—प्राधिकृत पैकरों को एगमार्क लेबलों के स्थान पर "एगमार्क रेप्लिका" का प्रयोग करने की अनुमति प्रदान करना ;

(ix) नियम 10(5) छपाई करने वाली प्रेसों अथवा विनिर्माण करने वाली यूनिटों को "एगमार्क रेप्लिका" युक्त डिब्बों की छपाई और/अथवा विनिर्माण करने की अनुमति प्रदान करना;

(x) नियम 11—श्रेणीकृत वस्तु की पैकिंग के तरीके में छूट देने/संशोधित करने की अनुमति प्रदान करना तथा श्रेणीकृत वस्तु पर निजी व्यापार चिन्ह, ट्रेड ब्रांड लेबल आदि लगाये गये का अभिलेख करना ;

(xi) नियम 14—प्राधिकृत पैकरों से किसी भी अनुसूचीबद्ध वस्तु के संबंध में सूचना, रिपोर्ट अथवा विवरणियां मंगाना।

[फा.सं. क्यू-11011/1/94-मानक]

एम.के. मण्डल, कृषि विपणन सलाहकार

MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT

(Directorate of Marketing and Inspection)

Faridabad, the 3rd July, 1998

G.S.R. 135.—I, M. K. Mandal, Agricultural Marketing Adviser to the Government of India, in exercise of the powers conferred on me under the General Grading and Marking Rules, 1988, framed under the Agricultural Produce (Grading and Marking) Act, 1937 (1 of 1937) hereby authorise Deputy Agricultural Marketing Adviser of the Sub-Office of the Directorate of Marketing and Inspection, Lucknow or any other officer duly appointed to work as incharge of the Sub-Office, Lucknow to exercise the following powers in regard to grading and Marking of agricultural and allied products,

(i) Rule 3—To grant the Certificate of Authorisation for grading and marking of any scheduled article in accordance with the provisions of the Rules made under the Act ;

(ii) Rule 4—To renew the certificate of Authorisation in respect of export grading and centralised grading ;

(iii) Rule 5—To record changes in the name, style or address of the authorised packer and change of authorised premises in the Certificate of Authorisation ;

(iv) Rule 7—To suspend or cancel any certificate of Authorisation, if he is satisfied :—

(a) that the authorised packer has not applied the grade designation marks correctly ; or

(b) that authorised packer has contravened any of the provisions of the Act ; or

(c) that the authorised packer has violated any Rule or has failed to comply with any of the instructions issued under the provisions of the Act, subject to the conditions as stipulated under sub-rules (2) and (3) of Rule 7.

(v) Rule 8—To approve the laboratory set up by the packer for garding and marking of any scheduled article under provisions of the Act ;

(vi) Rule 9—To approve the chemist appointed by the packer for manning the grading laboratory ;

(vii) Rule 9(5)—To withdraw the approval accorded to the chemist for grading and marking of any scheduled article under provisions of the Agricultural Produce (Grading and Marking) Act, 1937 (1 of 1937), if the chemist has failed to comply with the instructions or violated any Rule, provided that an opportunity shall be given to the approved chemist for showing cause as to why the approval should not be withdrawn ;

(viii) Rule 10(3)—To grant permission for use of "Agmark Replica" in lieu of Agmark labels to the authorised packers ;

(ix) Rule 10(5)—To grant permission to the printing press or manufacturing units for printing and/or manufacturing of the containers bearing the "Agmark Replica" ;

(x) Rule 11—To allow relaxation/modification in the mode of packing of graded article and to record the private trade marks, trade brand label to be affixed on the graded article ;

(xi) Rule 14—To call for information, reports or returns in respect of any of the Scheduled articles from the authorised packers.

[F. No. Q-11011/1/94-Std.]

M. K. MANDAL, Agricultural Marketing Adviser

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Moya Puri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054, 1998